संख्या-378/2020/603/22-2-2020-17(744)/2019

प्रेषक,

सुरेश कुमार पाण्डेय,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ: दिनांक 16 सितम्बर, 2020***

विषय:- जिला कारागार, फिरोजाबाद में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी राम सजीवन पुत्र श्री जयन्ती प्रसाद, निवासी जनपद-फिरोजाबाद की दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-14751/प्रोबे0-5-दया0 बैठक 20.05.2020, दिनांक 15.06.2020 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार जिला कारागार, फिरोजाबाद में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी राम सजीवन पुत्र श्री जयन्ती प्रसाद, बहत, थाना-जसराना, जनपद-फिरोजाबाद का निवासी है। बंदी द्वारा दिनांक 06.10.1993 को 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बंदूक, तमंचे एवं लाठी से मारकर 01 व्यक्ति की हत्या कारित की गयी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-03/1994 में भा0द0वि0 की धारा-302/34, 307/34, 323/34 व 3(1)10 एस0सी0 /एस0टी0 एक्ट के अन्तर्गत मा0 अपर सत्र न्यायाधीश-2, फिरोजाबाद के आदेश दिनांक 31.03.2016 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया है। बन्दी द्वारा दिनांक 27.09.2019 तक 03 वर्ष 10 माह 04 दिन की अपरिहार सजा तथा 04 वर्ष 05 माह 28 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट ने बन्दी के भविष्य में अपराध करने का अवसर होने, अपराध करने में अशक्त नहीं होने की आख्या अंकित करते हुए बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की है। दयायाचिका समिति द्वारा बन्दी की काटी गयी सजा, कारित अपराध की प्रकृति एवं जिला मजिस्ट्रेट /पुलिस अधीक्षक, फिरोजाबाद द्वारा समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति न किये जाने के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त समयपूर्व रिहाई की **संस्तुति नहीं की गयी है।**

3- उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है जिला कारागार, फिरोजाबाद में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी राम सजीवन (बन्दी संख्या-170/2016) पुत्र श्री जयन्ती प्रसाद, निवासी जनपद-फिरोजाबाद की संविधान के अनुच्छेद-161 के अन्तर्गत दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल द्वारा **अस्वीकार** कर दी गयी है। कृपया उपरोक्त से बन्दी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

सुरेश कुमार पाण्डेय
विशेष सचिव।

संख्या-378/2020/603(1)/22-2-2020 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, फिरोजाबाद।
2- अधीक्षक, जिला कारागार, फिरोजाबाद।
3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ ।
4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

कृष्ण कुमार सिंह
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in